हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, जून 25, 2024

11 काले बिल्ले लगाकर किया प्रदर्शन




12 अब रेलवे स्टेशन पर बनेगा 12 मीटर ...



## खबर संक्षेप

### मंच ने उठाई जिला बनाने की मांग

**बहादुरगढ़।** पं. श्रीराम शर्मा विचार मंच ने बहादुरगढ़ को जिला बनाने की मांग उठाई है। मंच के प्रवक्त अश्विनी कुमार बराही का कहना है कि विचार मंच ने पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष इस मुद्दे को रखा था। आगामी रविवार को रोहतक व बहादुरगढ़ के मंच पदाधिकारी तथा सदस्यों की एक मीटिंग होगी। अध्यक्ष डॉ. अशोक दीक्षित इस मीटिंग में बहादुरगढ़ को जिला बनाने की मांग सहित अन्य विषेष मुद्दों पर चर्चा कर आगामी योजना बनाई जाएगी।

### प्रतिदिन शिविर में हो रहा समस्याओं का समाधान

**बहादुरगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के निर्देश पर प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक लगने वाले समाधान शिविर में सोमवार को ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी भी पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि आमजन को बार-बार कार्यलय में चक्कर कटवाने से बचें। पोर्टल का बहाना बनाकर लोगो को बेवजह परेशान नहीं किया जाना चाहिए। जनता के कामों के प्रति जवाबदेही तय होनी चाहिए। उनके अनुसार समाधान शिविर के माध्यम से जनता को बड़ी राहत दी गई है।

### 308 ग्राम गांजे सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नार्कोटिक सैल ने गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, एएनसी को सूचना मिली थी कि मनोज नाम का एक शख्स मादक पदार्थ की तस्करी करता है। फिलहाल वह रोहद में सरकारी स्कूल के पासगांजा बेचने की फिराक से खड़ा है। टीम ने तुरंत मौके पर जाकर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके पास 308 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया।

# अवैध कॉलोनाइजर को अनुचित लाभः सुभाष नगर की नई प्लॉटिंग में बना दी सीसी सड़क

## राजनीतिक संरक्षण के चलते न्यू पटेल पार्क में विभिन्न गलियों के निर्माण के टेंडर में बना दी सुभाष नगर के पास गली

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़






बहादुरगढ़। सुभाष नगर के साथ खेतों में की गई अवैध प्लॉटिंग, नई प्लॉटिंग में सीमेंट कंक्रीट से बनाई जा रही सड़क। फोटो : हरिभूमि

- नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा नोटिस देने के बाद भी राजनीतिक वर्दहस्त प्राप्त एजेंसी ने जारी रखा घटिया निर्माण

शहर में आबाद कॉलोनियों की अनगिनत गलियां कच्ची हैं, लेकिन नगर परिषद द्वारा लाइनपार क्षेत्र में खेतों के बीचोंबीच विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में लाखों रुपए खर्च कर सड़क बनाई जा रही है। हैरत की बात यह है कि वार्ड नंबर-3 के न्यू पटेल पार्क के नाम से लगे टेंडर के तहत सुभाष नगर की नई प्लॉटिंग में सीसी गली बना दी गई। हालांकि अधिकारियों ने आरोपी ठेकेदार को काम रोकने के लिए 3 दिन पहले ही लिखित नोटिस जारी कर दिया था। इसके बावजूद शहर की सरकार द्वारा राजनीतिक संरक्षण प्राप्त इन कॉलोनाइजरों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। जबकि आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है।

जी हां, लाइनपार क्षेत्र में कृषि योग्य जमीनें खरीद कर अवैध कालोनियां काटी जा रही हैं। आश्चर्यजनक रूप से कई सफेदपोश नेता, जिनका सीधा दखल नगर परिषद से है, वो धड़ाधड़ कट रही अवैध कालोनियों को संरक्षण दे रहे हैं। इन कॉलोनियों को नगर निकाय विभाग या नगर योजनाकार विभाग से प्रमाणित न करवाकर सरकारी फीस के रूप में मिलने वाले लाखों-करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।

चूंकि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट बेचने के लिए इन कॉलोनाइजरों की तरफ से लोगों से यहां पर सभी मूलभूत सुविधाओं को पूरी तरह मुहैया करवाने का वादा किया जाता है। इसे पूरा करने के लिए लाइनपार के सुभाष नगर में में खेतों के बीचोंबीच नगर परिषद ने एक मेन रोड सीमेंट कंक्रीट से बना दिया है। जबकि शहर में दर्जनों ऐसी कॉलोनियां हैं, जो लगभग पूरी तरह से आबाद हैं, मगर उनकी गलियां आज भी कच्ची हैं। पूर्व पार्षद दिनेश नागर के अनुसार नगर परिषद ने शहर की दर्जनों वैध कॉलोनियों की कच्ची गलियों की आज तक सुध नहीं ली और खेतों में सड़क निर्माण गंभीर मामला है।

दरअसल, कॉलोनाइजर खेती वाली जमीन पर प्लॉट काटकर उन्हें गलत तरीके से लोगों को बेच देते हैं। लोग ये प्लॉट खरीद तो लेते हैं और बाद में खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। इससे जहां सरकार को मोटा चूना लगता है, वहीं कालोनाइजर की बल्ले-बल्ले हो जाती है। लेकिन ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने की बजाय नगर परिषद द्वारा उन्हें अनुचित लाभ पहुंचाया जा रहा है।

इससे नगर परिषद और वहां काबिज जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर सवाल उठने स्वाभाविक है। नगर परिषद ने वार्ड नंबर-3 के न्यू पटेल पार्क में विभिन्न गलियों को सीसी बनाने का टेंडर एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को अलॉट किया था। जब एमई और जेई ने मौके पर निर्माण कार्य जांचा, तो सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब मिली। इसके अलावा बिना बेस बनाए गली बनाने के कारण ठेकेदार को काम रोकने के लिए 20 जून को लिखित नोटिस थमा दिया गया।

लेकिन राजनीतिक वर्दहस्त प्राप्त एजेंसी ने सुभाष नगर में भी एक नई प्लॉटिंग में सीसी गली का निर्माण कर दिया। इससे पहले वहां सीवर लाइन भी बिछा दी गई।

### जांच करवाई जाएगी



जेई-एमई ने न्यू पटेल पार्क में बन रही सड़कों की खराब गुणवत्ता के कारण निर्माण रोकने का नोटिस एजेंसी को दिया था। इसके बाद भी दूसरी जगह नई प्लॉटिंग में सीसी सड़क बनाने का मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। इसकी जांच करवाई जाएगी और ठेकेदार को अनुचित अवैध काम के एवज में कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

**- डालचंद शर्मा, कार्यकारी अभियंता, नगर परिषद बहादुरगढ़**

# मेट्रो के 6 साल पूरे होने पर काटा केक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। मेट्रो अधिकारियों के साथ केक काटते संस्था के सदस्य।

सोमवार को ग्रीन लाइन मेट्रो के मुंडका से ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन तक चालू होने के छह साल पूरे हो गए। विदित है कि 24 जून 2018 को पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली मुंडका से बहादुरगढ़ तक मेट्रो विस्तार सेवा का उद्घाटन किया था। बहादुरगढ़ मेट्रो सेवा की छठी वर्षगांठ पर भगत सिंह मैत्री संस्था ने स्थानीय मेट्रो अधिकारियों के साथ बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन पर केक काटकर खुशी सांझा की। बहादुरगढ़ के तीनों मेट्रो स्टेशनों के इंचार्ज ऋतुराज गायकवाड़, कांग्रेस नेता वेद तहलान और प्रदीप यादव ने संयुक्त रूप से केक काटा। मौके पर नवीन रुहिल, भूप सिंह, सुनीता राम, मोहम्मद इकबाल, अमित शर्मा, संदीप शोबराण, गौरव पांचाल, धीरज, बिनीत, मंजूर आलम, प्रवीण मान, रविंद्र सैनी, देवराज पंवार, संजीव , मनीष परनाला, प्रदीप वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# हल्की बारिश ने उमस भरी गर्मी से दिलाई आंशिक राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर







झज्जर। हल्की बारिश के बीच गुजरते हुए वाहन चालक, बारिश से बचने के लिए कपड़ा ओढ़ कर जाते हुए युवा,बाधित हुई बिजली आपूर्ति को सुचारू करने में जुटे बिजली निगम के कर्मचारी।

- बिजली आपूर्ति बाधित होने से बढ़ी परेशानी

उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को सोमवार सांय हुई हल्की बारिश से आंशिक राहत मिली। बारिश के कारण मौसम सुहाना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। उधर, हल्की बारिश के बावजूद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। इसके अलावा साल्हावास क्षेत्र में भी हुई हल्की बारिश के कारण आमजन को गर्मी से राहत मिली। लोगों का कहना है कि बारिश की बूंदे राहत बनकर बरसी है। अगर तेज बारिश होती है तो और अधिक लाभ होगा और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

मौसम के बदलते मिजाज के बीच शहर के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हुई, वहीं बिजली निगम कर्मचारियों के भी बिजली आपूर्ति सुचारू करने के लिए पसीने छूट गए। बिजली निगम की कई टीमें शहरी क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने में जुटी हुई दिखाई दी।

# अवैध हथियारों सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों से अवैध हथियारों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल स्टॉफ में तैनात एएसआई वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम थाना बेरी के क्षेत्र में तैनात थी। इस दौरान दो युवकों को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पकड़े गए युवकों की मौके पर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से एक देशी डोगा, एक देशी पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपियों की पूछताछ में पहचा सुनील निवासी मारौत जिला झज्जर व सचिन निवासी मामडिया अहीर जिला रेवाड़ी के तौर पर की गई है। वहीं एंटी व्हीकल थैफ्ट की एक टीम थाना दुजाना क्षेत्र तैनात थी। इस दौरान पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर एक युवक को पकड़ा। पकड़े गए युवक की मौके पर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध हथियार बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी की पहचान इंद्रजीत निवासी कारौर जिला रोहतक के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में अलग-अलग मामले दर्ज करते हुए आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।

# बरसात में डूबेगा बहादुरगढ़, जिम्मेदारों के मोबाइल नंबरों के बोर्ड लगाएगी इनेलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। जलभराव को लेकर सवाल उठाते कपूर राठी व अन्य।

- इनेलो नेता कपूर सिंह राठी ने नप पर साधा निशाना

एक बार फिर बरसात में बहादुरगढ़ की गलियां और सार्वजनिक स्थान जलमग्न होने जा रहे हैं, क्योंकि जलनिकासी के इंतजाम करने की बजाय नगर परिषद में भेदभाव और भ्रष्टाचार पर फोकस रखा गया। यह कहना है इनेलो नेता कपूर सिंह राठी का। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से भाजपा व उससे पहले 10 साल तक कांग्रेस का राज रहा। लेकिन अमरुत योजना से लेकर अन्य स्कीम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई हैं। सफाई ठेके के नाम पर केवल खजाने को खाली किया जा रहा है। इसका खामियाजा अब बारिश में जनता को भुगतना पड़ेगा।

इनेलो नेता कपूर सिंह राठी ने कहा कि बरसात के दौरान जहां-जहां जलभराव होगा, वहां इनेलो पिछले 20 साल से सत्ता में रहे कांग्रेस व भाजपा नेताओं के नंबरों के होर्डिंग लगाएगी। ताकि जलभराव से प्रभावित नागरिक उन्हें फोन करके सवाल पूछ सके। उनके अनुसार भाजपा बहादुरगढ़ में कीचड़ फैलाकर कमल खिलाना चाहती है। लेकिन जनता अब भेदभाव-भ्रष्टाचार सहन नहीं करेगी। इस अवसर पर पार्षद रमन यादव, पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र राठी, पूर्व पार्षद राममूर्ति, महिला हलकाध्यक्ष सीमा प्रवीण दलाल, सुनील दलाल, ललित एडवोकेट, चांद एडवोकेट, रामनिवास सैनी, अनिल मदान, सोनू सैनी, सीबू वर्मा, मोहित मलिक, भूप सिंह, ओमप्रकाश डोरा, डॉ. आकाश, रवींद्र सैनी, सागर राठी आदि मौजूद रहे।

### यहां होता है जलभराव

मांडोठी बाजार, सब्जी मंडी, झज्जर रोड, उत्तम कॉलोनी, बाग वाला मोहल्ला, कच्चा बाग, सैनीपुरा, मेन बाजार, जौहरी नगर, सूरत नगर, महाबीर पार्क, नेताजी नगर, मामन विहार, सेक्टर-2, धर्मपुरा, सेक्टर-6, विकास नगर, देव नगर व शास्त्री नगर के साथ ही 32 करोड़ में बना रेलवे अंडरब्रिज भी जलमग्न हो जाता है।

# गर्मी में दूषित जलापूर्ति कर रही बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। लाइनपार के जौहरी नगर में सप्लाई हो रहा सीवरेज युक्त पानी।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के दावों को नल से निकल रहा दूषित जल झुठला रहा है। शहर की कई कॉलोनियों में पिछले काफी समय से सीवरेज युक्त पानी की सप्लाई हो रही है। दूषित पेयजल आपूर्ति से लोग बीमार हो रहे हैं। लाइनपार में निजी वाटर सप्लायरों से पानी खरीदकर पीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। सुनील, नरेंद्र, राकेश, कृष्ण, सुभाष, नवीन, दीपक, लक्ष्मीनारायण, बिमला, राजबाला, ज्योति व अनुराधा ने कहा कि सीवरेज युक्त पानी के पीने से कई तरह की बीमारियां फैल रही हैं। अधिकारी गंभीर नहीं दिख रहे। जिस कारण लोगों में विभाग के प्रति काफी रोष बना हुआ है। अधिकारियों को चाहिए कि जल्द से जल्द इसका समाधान किया जाना चाहिए। एसडीओ संदीप दूहन के अनुसार शिकायत वाले इलाकों में पेयजल लाइन की जांच की जाएगी।

**महंगाई की मार** | पिछले तीन-चार दिनों से सब्जियों की कीमतों में आया उछाल

# सब्जियों की कीमत बढ़ने से आमजन की जेब पर पड़ रहा बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। सब्जी मंडी परिसर के बाहर लगी सब्जी की फड़।

पिछले तीन-चार दिनों से सब्जियों की कीमतों में उछाल आया है। एक पखवाड़ा पहले तक मात्र दस रुपये प्रति किलोग्राम बिकने वाला टमाटर जहां पचास से साठ रुपये प्रति किलोग्राम तक जा पहुंचा है वहीं आम दिनों में दस रुपये से भी कम कीमत पर मिलने वाला आलू थोक रेट में पैंतीस से चालीस रुपये प्रति किलोग्राम बेचा जा रहा है। इसी प्रकार एक सौ रुपये की पांच से सात किलोग्राम तक मिलने वाली प्याज का रेट भी पचास रुपये प्रति किलोग्राम तक जा पहुंचा है। सब्जी विक्रेता सुरेंद्र व बंटी ने बताया कि इन दिनों पड़ रही तेज गर्मी के कारण सब्जी की कीमतों में वृद्धि हुई है। बरसात होने पर कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अचानक सब्जी की कीमत बढ़ने से आम आदमी भी सकते में है। उसे समझ नहीं आ रहा कि वह किस सब्जी का चुनाव करें। क्योंकि आम दिनों में दस रुपये से बीस रुपये प्रति किलोग्राम बिकने वाली घीया व तौरी भी साठ से अस्सी रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पहले आलू, प्याज व टमाटर की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई लेकिन पिछले करीब चार रोज से लगभग सभी सब्जियों की कीमतों में इजाफा हुआ है। नींबू जहां 120 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से नीचे नहीं आ रहा वहीं अदरक 160 रुपये से 240 रुपये प्रति किलोग्राम तथा लहसुन 200 रुपये से लेकर 300 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत पर बिक रहा है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि ये रेट तो सब्जी मंडी में है जबकि दुकानों पर ये सब्जियां और भी महंगी बिक रही है।

### आखिरी सोमवार होने पर मंडी परिसर से बाहर सजी सब्जी की दुकानें

हर माह के अंतिम सोमवार को सब्जी मंडी विक्रेताओं का अवकाश रहता है। ऐसे में कुछ जमींदार व मासाखोरों द्वारा सब्जी मंडी से बाहर मेन सड़क पर सब्जी की फड़ लगाई गई। हालांकि रोजाना आने वाले लोगों को अवकाश का पता होने के कारण इन फड़ों पर अधिक भीड़ नहीं रही लेकिन सब्जियों की इन फड़ों का इतना फायदा जरूर हुआ कि जानकारी के अभाव के सब्जी मंडी पहुंचे लोगों को खाली हाथ नहीं लौटना पड़ा।

**सब्जी मंडी में सब्जियों के दाम रुपये प्रति किलोग्राम**

| सब्जी का नाम | रुपये प्रति किलो |
|---|---|
| टमाटर | -50 |
| प्याज | -50 |
| आलू | -35 से 40 |
| तौरी | -30 से 40 |
| भिंडी | -60 |
| टिंडा | -50 |
| पेठा | -20 से 30 |
| खीरा | -40 |
| मिर्च | -80 |
| धनिया | -150 |
| तरबूज | -20-25 |
| खरबूजा | -50 से 60 |
| कचरी | -20 |
| करेला | -40 |
| बैंगन | -50 |
| आमी | -30 |
| अरबी | -60 |
| मटर | -120 |
| गोभी | -160 |
| ग्वार | -40 |

# अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत दुकानदारों के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। एक खोखे पर चलाया जा रहा पीला पंजा।

नगर परिषद ने रोहतक-दिल्ली रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के तहत ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के पास कई अस्थाई दुकानें/खोखे आदि हटाए गए। कुछ दुकानदारों के चालान किए गए तो कइयों का सामान जब्त कर लिया गया।

दरअसल, बहादुरगढ़ शहर में अतिक्रमण की समस्या नासूर है। हर सड़क, बाजार में अतिक्रमण फैला हुआ है। ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के आसपास भी सड़क किनारे काफी संख्या में बांस बल्लियों के सहारे कई अस्थाइ दुकान बना दी गई हैं। सोमवार को नगर परिषद के अधिकारी सफाई कर्मियों के साथ यहां पहुंचे और जेसीबी के माध्यम से कई खोखों को ध्वस्त कर दिया। वहीं कई रेहड़ियों व अन्य सामान को जब्त कर लिया। दस्ते के साथ भारी संख्या में महिला व पुरुष पुलिस कर्मचारी भी साथ रहे। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान किसी तरह का कोई विरोध नहीं हुआ और कार्रवाई शांति पूर्वक चली। नगर परिषद एसआई सुनील हुड्डा, बिल्डिंग ऑफिसर प्रवीण कुमार आदि अधिकारी टीम में शामिल थे। इस दौरान दस दुकानदारों के चालान भी काटे गए। अधिकारियों ने दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए पुनः अतिक्रमण न करने की नसीहत दी। हालांकि टीम के जाने के कुछ देर बाद ही दुकानें पुनः लगनी शुरू हो गई थी।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक,मंगलवार
25 जून 2024



अलर्टनेस / शिखर चंद जैन

## अच्छी हैं ये बुरी आदतें

अच्छा हासिल करने के लिए बुरी समझी जाने वाली आदतों के कुछ अंश हम अपना लें तो इसमें कोई बुरी बात नहीं है। वे कौन-सी बुरी आदतें हैं, जो हमारा हित कर सकती हैं, आप जरूर जानिए।

कहने को तो कुछ आदतें अच्छी नहीं कही जाएंगी, बुरी ही कही जाएंगी, लेकिन ये 'बुरी आदतें' हमारे लिए अच्छी साबित होती हैं, हमें अलर्ट रखकर लाभ पहुंचाती हैं। तो क्यों ना, इन आदतों को अपनाएं और लाभ उठाएं।

**इस मामले में हो जाइए आलसी:** अगर आप शेयर्स में इंवेस्ट करती हैं, अपने अच्छे-खासे पोर्टफोलियो में बार-बार बदलाव की कोशिश में रहती हैं यानी, दिनभर बार-बार शेयर्स लेती-बेचती हैं तो इस काम में आलसी हो जाइए। बहुत ज्यादा एक्टिव रहने की आदत त्याग दीजिए। बार-बार शेयर्स लेने-बेचने में सिर्फ ब्रोकर को फायदा होता है, आप इनके लॉन्ग टर्म प्रॉफिट से वंचित रह सकती हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्ट्रांग कंपनियों के शेयर खरीदकर उनको लंबे समय तक रखने में फायदा है, आप इसकी आदत डालिए।

### थोड़ी सी प्राउडी बनें

लोग प्राउडी बनने से मना करते हैं, लेकिन आप जो कुछ भी काम करती हैं या प्रोफेशनल रूप से आप जो भी हैं, कामयाब हैं, उस पर आपको प्राउड भी करना चाहिए। अपने बिजनेस,



प्रोफेशन या अपनी एक्सपर्टाइज के बारे में आपको हर किसी को गर्व के साथ बताना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में जानेंगे और आपका काम बढ़ेगा। आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

**कभी-कभी गुस्सा भी करिए:** हमेशा कूल माइंड रहने से काम नहीं बनता। लोग आपको सॉफ्ट टार्गेट समझने लगेंगे। अगर कोई वित्तीय संस्थान, ग्राहक, सप्लायर या कर्जदार आपसे वादा खिलाफी करता है तो आपको अपने तेवर दिखाने चाहिए। आपका इंश्योरेंस एजेंट, शेयर ब्रोकर और बैंक रिप्रेजेंटेटिव आपको बेवकूफ बनाने की कोशिश करे, तो उसके साथ जरा कड़क तरीके से पेश आएं, ताकि आपसे चीटिंग करने की उसकी हिम्मत न हो।

**जरा-सी लालची बनें:** पैसे कमाने, बचाने और इकट्ठा करने के मामले में आपको थोड़ा लालची बनना चाहिए। अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए या पैसे कमाने के लिए लालची होना जरूरी है। जब पैसों के प्रति आपका लालच खत्म हो जाएगा तो आपकी कमाने और बचाने की आदत कमजोर पड़ती चली जाएगी। इससे आप आर्थिक रूप से कमजोर हो सकती हैं।

**पॉजिटिव जेलसी करें:** कोई कुछ भी कमाए अपने को क्या! ये वैराग्य भाव आपको लक्ष्मी कृपा से वंचित कर सकता है। आपको अपने इर्द-गिर्द मौजूद सफल और समृद्ध लोगों से जेलसी करनी चाहिए, लेकिन यह पॉजिटिव रूप में हो। आपको उनकी वित्तीय आदतों को बारीकी से देखना-समझना चाहिए, उनसे बातचीत करके, उनसे मिलकर उनकी सफलता का सूत्र जानना चाहिए फिर उन आदतों को अपनाना चाहिए।

**जरा शक्की भी बनें:** अपने धन की सुरक्षा और निवेश के प्रति आपको थोड़ा सनकी और शक्की भी होना चाहिए। कहीं भी निवेश करने से पहले चार बार सोचें, चार लोगों से पूछताछ करें। इससे आप आर्थिक नुकसान की आशंका से बची रहेंगी।



कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

दूसरों की मदद करना, चिंता करना आपकी संवेदनशीलता का परिचायक है। लेकिन इसके चलते आप अपनी उपेक्षा करें, अपनी खुशियां मारें, आपके अपने जरूरी काम प्रभावित हों और आप हमेशा तनाव से घिरी रहें, ये आपके लिए सही नहीं है। इसलिए अनावश्यक चिंताओं से बचने के लिए कभी-कभी 'आई डोंट केयर' का भाव भी जरूरी है।

## करामाती है आई डोंट केयर

'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', 'मैं परवाह नहीं करती', 'आई डोंट केयर', ये सिर्फ शब्द भर नहीं हैं। ये हमारे जीवन को गति देने वाले वाक्य हैं। हर मीनमेख को अनदेखी कर आगे बढ़ते जाने का हौंसला देने वाली सोच है। इसे आजकल 'आइडीसी एटिट्यूड' भी कहा जाता है। आमतौर पर नकारात्मक समझे जाने वाले इंसानी व्यवहार के इस पक्ष के कई सकारात्मक पहलू भी हैं। हमें इसे जरूर जानना-समझना चाहिए ताकि हम एक शांत, तनावरहित जीवन जी सकें।

### ऊर्जा बचाती सोच

बहुत सी बातों और बर्ताव की अनदेखी सीधे-सीधे हमारी ऊर्जा बचाती है। कहते हैं कि जिस पल हम लोगों की परवाह करना बंद कर देते हैं, उसी पल से चीजें बेहतर होना शुरू हो जाती हैं। इसीलिए दूसरों को खुश करने की कोशिश में अपना समय बर्बाद करने के बजाय, उनकी आलोचना या मीनमेख निकालने की प्रवृत्ति को अनदेखा करना सबसे सही राह है। यूं भी यह जीवन सिर्फ दूसरों के मन-मुताबिक जीने के लिए नहीं है। जिंदगी, हर बार औरों को खुश करने की कोशिशों में जुटे रहने के लिए नहीं मिली है। समझना मुश्किल नहीं कि अपने हों या पराए, सहकर्मी हों या मित्र। अधिकतर लोगों को, उनकी बातें मानने, उनके अनुसार बर्ताव करने पर ही खुशी मिलती है। दूसरों को खुश रखने का यह फेर सबसे पहले खुद की खुशी छीनता है। इतना ही नहीं, खुद की अनदेखी का यह



व्यवहार मन-मस्तिष्क की ऊर्जा भी सोखता है। इसलिए दूसरों की खुशी के लिए अपनी ऊर्जा न नष्ट करें, अपनी खुशी न मारें।

### अपनी खुशी को अहमियत

कोई भी इंसान हर बार, हर हाल में सबको खुश नहीं रख सकता है। 'आई डोंट केयर' वाले अंदाज के साथ इंसान अपने आपको खुश रख सकता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि ऐसे लोग स्पष्टवादी बन जाते हैं। प्रतिक्रिया लेने या देने में कोई लाग-लपेट नहीं करते। अपनी नकली छवि बनाए रखने की कोशिश में समय नहीं गंवाते। लोगों की कही हर बात की परवाह करने वाला इंसान खुद की खुशी के लिए कुछ नहीं कर पाता। ऑस्ट्रेलियाई न्यायविद कैथरीन होम्स के मुताबिक, 'किसी चीज की परवाह करना, आपसे वह काम करवा सकता है, जो आपको नहीं करना चाहिए।' समझना मुश्किल नहीं कि हमेशा दूसरों के अनुसार चलने की सोच, अपने मन को खुशी नहीं दे सकती।

### आत्मविश्वास की सौगात

'आई डोंट केयर' की सोच को आमतौर पर नेगेटिव एंगल से देखा जाता है। जबकि यही सोच असल में जिम्मेदारी का भाव भी लाती है। अपने काम, अपनी सोच और अपने फैसलों के प्रति जिम्मेदारी लेने का मनोबल मिलता है। लोगों की टीका-टिप्पणियों पर गौर न करते हुए, जो रास्ता चुना है, उस पर भरोसे के साथ बढ़ते जाने का जज्बा आता है। 'मुझे कोई परवाह नहीं है' या 'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', असल में बहुत सी नेगेटिव बातों के लिए मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर इंसान का सुरक्षा कवच भी बनता है। बात-बात में मन को ठेस पहुंचाने के हालातों में आगे बढ़ना मुश्किल होता है। ऐसे में दूसरों की ऊल-जुलूल बातों की परवाह ना करना, आत्मविश्वास तो बढ़ाता ही है, अपने सपनों को भी गति देता है। इतना ही नहीं, यह सोच खुद को, दूसरों की जिंदगी में बेवजह दखल देने से भी बचाती है।

### जरूरी है एक संतुलित व्यवहार

आई डोंट केयर का यह मतलब नहीं कि हम दूसरों की परवाह बिल्कुल ना करें। दूसरों की परवाह करना गलत नहीं है, लेकिन इसके चलते अपने आपको भूल जाना गलत है। यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, क्योंकि कई बार हम दूसरों की चिंता में तनाव से घिर जाते हैं। इसलिए यह समझना जरूरी है कि दूसरों की मूल्यवान सलाह या परिवार-घनिष्ठ मित्रों की राय हमेशा नजरअंदाज करना भी सही नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि दूसरे का ध्यान रखने के पीछे संवेदनशीलता और इंसानियत की सोच रहती है। जब भी, जिस परिस्थिति में भी किसी को सहायता की जरूरत होती है, संवेदनशील मन दूसरों की मदद करने में नहीं चूकता। बात-बात में खुद का मन ना दुखाने की सोच रखने वाले इंसान में अपनों की चिंता और परायों की परेशानी समझने का केयरिंग भाव भी कम नहीं होता। ऐसे लोग कभी किसी को पीड़ा नहीं पहुंचाते। साथ ही तकलीफ के दौर में साथ देने का भाव भी रखते हैं। इसलिए एक संतुलित व्यवहार रखना जरूरी है। इस व्यावहारिक सोच में स्वयं को बेवजह की परेशानियों से बचाने के साथ ही, औरों के मन को समझना भी जरूरी है।



बिहेवियर / मेघा राठी

## शिकायत सुनकर नाराज ना हों

रिश्तों में कभी-कभार शिकायत होना कोई बड़ी बात नहीं। अगर किसी संबंधी ने कोई शिकायत की है तो इसमें नाराज ना हों। शिकायत की वजह समझ कर अपने रिश्तों को बनाए रखना चाहिए।

यह गलत नहीं कहा जाता कि जब तक कोई शिकायत कर रहा है, तब तक यह मान कर चलिए कि उसका संबंध आपसे जुड़ा हुआ है और यदि वह शिकायत करना बंद कर दे तो समझ जाइए कि अब उसका जुड़ाव आपसे खत्म हो चुका है।

**समझें शिकायतकर्ता के मन की बात:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत करने वाला व्यक्ति हमसे संबंध बनाए रखना चाहता है, इसलिए वह अपनी बातें हमारे सामने रखना चाहता है। हो सकता है कि उसके कहने का ढंग गलत हो, लेकिन क्रोध, आवेग या अभिमान में शिकायत को अनदेखा-अनसुना करना या बहस करके व्यक्ति को चुप करा देना सही नहीं है। वर्षों पुराने अपने रिश्ते इतनी आसानी से नहीं खत्म किए जाने चाहिए। इनका मान रखना चाहिए।

**शिकायत का कारण समझें:** जब भी कोई शिकायत करे तो एक बार ठंडे दिमाग से शिकायत के कारण को समझने का प्रयास जरूर करें। जरूरी नहीं कि हम सही ही हों। हमारे नजरिए से जो काम या बातें सही लग रही हैं, वे दूसरे व्यक्ति को तकलीफ पहुंचा रही हों। शिकायत आने पर दूसरे पहलू को भी समझने का प्रयत्न करें, दूसरे व्यक्ति का पक्ष भी जानें, इसके बाद किसी निर्णय पर पहुंचें। जल्दबाजी में लिए निर्णय गलत भी हो सकते हैं, इससे बाद में हमें अपने निर्णय से पछतावा होगा।

### बातचीत का रास्ता ना करें बंद

क्रोध में आकर संबंधों को खत्म करने से बेहतर है कि हम शांतिपूर्ण बात का रास्ता अपनाएं। हो सकता है, शिकायत किसी भ्रम के कारण उपजी हो या शिकायतकर्ता स्थिति को समझने, स्वीकार करने में



असमर्थ हो। इन परिस्थितियों में बातचीत के माध्यम से शिकायत को दूर किया जा सकता है। अपने रिश्तों को बनाए रखा जा सकता है।

**शिकायत के उद्देश्य को समझें:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत का उद्देश्य हमेशा गलत नहीं होता है, ना ही दूसरे व्यक्ति को नीचा दिखाना होता है। यदि उद्देश्य गलत नहीं है तो शिकायत को स्वयं के लिए सिरदर्द समझना या तनाव में आना उचित नहीं है। यहां यह समझना भी जरूरी है कि शिकायत के कारण उपजी झुंझलाहट, नाराजगी अधिक महत्वपूर्ण है या व्यक्ति से संबंध, इसके बाद ही निर्णय लीजिए कि किसका साथ देना है और किसका छोड़ना है? यह भी विचार कर लें कि कहीं हम ही अनजाने में बार-बार अपने संबंधी को शिकायत करने का अवसर तो नहीं दे रहे हैं।

**पॉजिटिव रुख अपनाएं:** शिकायतों के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाया जाए तो यह हमेशा बुरी नहीं होती बल्कि यह हमें स्वयं के व्यक्तित्व विश्लेषण का अवसर देती हैं। साथ ही दूसरे व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी समझने का मौका भी देती है। इसको व्यक्तित्व विकास के एक पाठ के रूप में स्वीकार करना चाहिए, किंतु शिकायत का उद्देश्य यदि सही नहीं है, अपमान करना या हानि पहुंचाना है, तब ऐसी शिकायतों पर कठोर कदम जरूर उठाना चाहिए।

मेडिकल सजेशन

डॉ. अंशु जिंदल, स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रेग्नेंसी पीरियड में कुछ महिलाएं कूल्हों के दर्द से बहुत परेशान रहती हैं। इससे बचाव और राहत पाने के लिए यहां दिए जा रहे सजेशन बहुत यूजफुल हो सकते हैं।

## प्रेग्नेंसी में कूल्हों का दर्द ऐसे करें बचाव-उपचार

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उनमें से ही एक है कमर या कूल्हे की हड्डी या दोनों पैरों के बीच में दर्द होना। कई बार तो इतना असहनीय दर्द रहता है कि चलने, उठने-बैठने में भी मुश्किल होने लगती है। यहां तक कि महिलाएं घर के काम भी आसानी से नहीं कर पाती हैं।

**दर्द का कारण:** ऐसे दर्द के कई कारण हो सकते हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में बहुत तेजी से शारीरिक बदलाव होते हैं। मांसपेशियां स्ट्रेच करने लगती हैं, लिगामेंट्स फ्लेक्सिबल होने लगती हैं। उनके गर्भ का आकार और भार धीरे-धीरे बढ़ रहा होता है, जिसकी वजह से उन्हें दर्द महसूस होता है। डिलीवरी का समय आने पर यह दर्द ज्यादा बढ़ जाता है। शरीर में हार्मोनल बदलाव, कैल्शियम, प्रोटीन जैसे पोषक तत्त्वों की कमी भी इस दर्द का कारण हो सकता है।

**बचाव के उपाय:** अगर महिलाएं कुछ बातों का ध्यान रखें तो वे प्रेग्नेंसी के दौरान कूल्हों में होने वाले असहनीय दर्द से बच सकती हैं।



- बहुत देर तक खड़े होकर कोई काम न करें। इससे गर्भ का भार नीचे की ओर पड़ेगा और शरीर के निचले हिस्से यानी पेल्विक और कूल्हे के आस-पास दर्द ज्यादा बढ़ सकता है।
- कोई भारी-भरकम सामान न उठाएं या ऐसा काम न करें, जिसमें आपको 5 किलो से ज्यादा वजन उठाना पड़े।
- जहां तक संभव हो प्रेग्नेंसी के दौरान सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने से बचें।
- पोषक और संतुलित आहार का सेवन करें क्योंकि प्रेग्नेंसी के दौरान शरीर में काफी कमजोरी आ जाती है। प्रोटीन ज्यादा मात्रा में लें। खाना सही समय पर, ताजा और घर का बना ही खाएं।
- कई मेडिकल एक्सपर्ट्स मानते हैं कि शरीर में दर्द का संबंध डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी से भी होता है। इससे बचने के लिए दिन में 8-10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा लिक्विड डाइट लेनी चाहिए, जैसे- विटामिन सी वाले फल, जूस, छाछ, नारियल पानी पीना फायदेमंद है।
- प्रेग्नेंट महिलाओं को कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए रोजाना सुबह-शाम दूध जरूर पीना चाहिए। डॉक्टर से परामर्श कर कैल्शियम सप्लीमेंट्स भी ले सकती हैं।

**ऐसे मिलेगा आराम:** कूल्हे के दर्द से राहत पाने के लिए प्रेग्नेंट महिलाएं कुछ बातों पर गौर कर सकती हैं।



- रोजाना नारियल तेल या फिर सरसों का तेल लगाकर हल्के हाथों से मसाज करना फायदेमंद है। अपनी क्षमता के अनुसार हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या वॉक करें।
- सोते समय करवट लेकर सोना चाहिए और दोनों पैरों के बीच तकिया लगाकर सोएं। इससे यूटेरस और कूल्हों पर कम प्रेशर पड़ेगा। इसी तरह कुर्सी या सोफे पर बैठते समय पीछे तकिया लगाकर बैठें।
- यथासंभव वेस्टर्न टॉयलेट का इस्तेमाल करें, क्योंकि इंडियन टॉयलेट में नीचे बैठने पर दर्द बढ़ सकता है।
- झटके से उठना-बैठना अवॉयड करें। इससे दर्द बढ़ सकता है।

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

आपकी खूबसूरती तब और बढ़ जाती है, जब लिप्स सॉफ्ट-पिंक हों। लेकिन किसी वजह से अगर आपके लिप्स डार्क दिखने लगें तो आप कुछ इफेक्टिव होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।



## जब लिप्स दिखने लगें डार्क आजमाएं ईजी होम रेमिडीज



केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

तेज धूप, शरीर में पानी की कमी और बार-बार होंठों पर जीभ फेरने से कई बार इनका कलर डार्क दिखने लगता है। इसके अलावा शरीर में खून की कमी, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, ज्यादा चाय, कॉफी पीने से भी होंठ काले पड़ जाते हैं। यही नहीं ज्यादा लिपस्टिक लगाने से भी लिप्स का कलर डार्क हो सकता है। वजह कोई भी हो, डार्क लिप्स अच्छे नहीं लगते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए आप कुछ ईजी-इफेक्टिव होम रेमिडीज अपना सकती हैं।



**लिप्स स्क्रब :** डार्क लिप्स को सॉफ्ट और पिंक बनाने के लिए स्क्रब का यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको आधा चम्मच मलाई में एक चौथाई चम्मच चीनी और आधा चम्मच नीबू का रस मिलाना होगा। इसे अच्छी तरह मिक्स कर होंठों पर हल्के से स्क्रबिंग करें।



**खीरे का जूस :** लिप्स कलर को ग्लोइंग बनाने में खीरा भी इफेक्टिव होता है। इसके लिए खीरे का जूस बनाकर फ्रिज में रख दीजिए। इस जूस को रुई की मदद से होंठों पर लगाकर छोड़ दें और कुछ समय बाद ताजे पानी से धो डालिए। खीरे में मौजूद विटामिन ए और सी होंठों के कालेपन को दूर करने में असरदार साबित होते हैं। खीरे का जूस एंटीऑक्सीडेंट्स और सिलिका रिच कंपाउंड्स से भरपूर होता है। ये कंपाउंड्स, पिगमेंटेशन को कम कर होंठों के डार्क कलर को लाइट करते हैं।

**नीबू-शक्कर पेस्ट ब्लीचिंग :** नीबू में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो ब्लीचिंग की तरह काम करते हैं। इस गुण की वजह से होंठों के कालेपन को दूर करने में नीबू काफी मददगार होता है। एक कांच की कटोरी में एक चम्मच शक्कर और एक चम्मच नीबू के रस को मिला लें। शक्कर थोड़ी पिघल जाने पर इसमें आधा चम्मच शहद को मिला लें। इससे केवल अपने चेहरे को साफ कर लें और इसके बाद ताजे पानी से धोकर होंठों को सुखा लें। कुछ देर बाद केवल होंठों पर इस पेस्ट को लगाकर लगभग 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद होंठों को पानी से साफ कर लें और लिप बाम लगा लें। इसे रोजाना करने से आपके होंठों की रंगत में कुछ ही समय में असर दिखने लगेगा।



**हल्दी-मलाई पेस्ट :** हल्दी और मलाई का पेस्ट बनाकर रात में सोने से पहले होंठों पर हल्की-हल्की मसाज करें। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेंटरी गुण मौजूद होते हैं, जो होंठों के कालेपन के साथ, फटे होंठों की समस्या को भी दूर करते हैं। मलाई, होंठों को पोषण देकर इसकी रंगत को निखार देगी। रात के समय होंठों पर शुद्ध देसी घी लगाकर सोने से भी होंठ नरम और गुलाबी हो जाते हैं।

**एलोवेरा जैल :** एलोवेरा जैल भी होंठों को निखारने में कारगर है। दिन में कभी भी आप अपने होंठों पर एलोवेरा जैल लगा सकती हैं। एलोवेरा में एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होते हैं, जो होंठों के रंग को डार्क होने से रोकता है।

रेसिपी

ओम प्रकाश गुप्ता

तपिश भरी गर्मी से राहत पाने के लिए बार-बार कुछ ठंडा खाने का मन करता है। इसीलिए हम आपको बता रहे हैं, आसानी से बनने वाली कुछ टेस्टी कुल्फी की रेसिपी।

## हॉट सीजन-चिल्ड कुल्फी

### आड़ू कुल्फी



**सामग्री:** पके आड़ू-2, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-6 बड़े चम्मच, ताजा क्रीम-2 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले आड़ुओं का गूदा निकालकर मिक्सी में पीसकर पेस्ट बनाएं। एक बर्तन में दूध को आधा रहने तक पकाएं। इसमें चीनी, आड़ू पेस्ट और मिल्क पावडर मिलाकर फेंटें। मिश्रण को कुल्फी के सांचों में भरकर 6-7 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। सांचों से निकालकर तुरंत सर्व करें।

### अंजीर-दही कुल्फी



**सामग्री:** सूखे अंजीर-4 (3-4 घंटे पानी में भीगे), चक्का दही-300 ग्राम, ठंडा दूध-आधा कप, बादाम चूरा-1 बड़ा चम्मच, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, वनिला एसेंस-आधा छोटा चम्मच, कटे बादाम-2 छोटे चम्मच

**विधि:** भीगे अंजीरों को मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें। बादाम चूरा छोड़कर शेष सारी सामग्री इसके साथ अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को कुल्फी मोल्ड्स में डालकर 6 से 8 घंटों के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर कुल्फियों को मोल्ड्स से निकालें और बादाम चूरा बुरक कर सर्व करें।

### ब्लैक करेंट कीवी कुल्फी



**सामग्री:** ब्लैक करेंट (काले अंगूर) क्रश-2 बड़े चम्मच, कीवी क्रश-2 बड़े चम्मच, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-4 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले दूध को मोटे तले के बर्तन में उबालें और चलाते हुए आधा रहने तक पकाएं। इसमें पिसी चीनी और मिल्क पावडर मिलाएं और ठंडा करके दो भागों में बांट लें। एक भाग में एक बड़ा चम्मच पानी और कीवी क्रश मिलाएं, दूसरे में केवल ब्लैक करेंट क्रश मिलाएं। अब कुल्फी मोल्ड्स में कीवी मिश्रण आधा-आधा भरें फिर ब्लैक करेंट मिश्रण इनके ठीक बीच में डालें। इन मोल्ड्स को 7-8 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर निकालें और काटकर सर्व करें।

**खबर संक्षेप**



## खत्री ने केंद्रीय मंत्री नायडू को दी बधाई

**बहादुरगढ़।** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अमित खत्री ने नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मुलाकात कर केंद्रीय मंत्री बनाए जाने की बधाई दी। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में पिछड़े वर्ग को प्राथमिकता देने की मांग की। साथ ही बताया कि देश में रजक समाज की वर्षों से लंबित पड़ी मांग पूरी होनी चाहिएं। अनुसूचित जाति आरक्षण में उन्हें शामिल किया जाए। सभी प्रदेशों में रजक कल्याण बोर्ड का गठन हो। राममोहन नायडू ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया।



## चार दिवसीय जादू शो का हुआ समापन

**झज्जर।** जिला मुख्यालय पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय जादूगर सम्राट शंकर के मैजिक शो का समापन हो गया। समापन अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना बतौर मुख्यातिथि जबकि डीसीपी डॉक्टरअर्पित जैन और उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर अंशु सिंगला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

## अनियंत्रित होकर माइनर में गिरा ट्रैक्टर

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-टैंकर माइनर में गिर गया। गनीमत रही कि चालक को गंभीर चोट नहीं आई। सोमवार की दोपहर एक पानी का टैंकर सेक्टर-6 मार्ग से गुजर रहा था। माइनर के पास पहुंचा तो अचानक एक गाड़ी आ गई। उसे बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर टैंकर सहित माइनर में जा गिरा।



### लव-कुश फुटबॉल लीग लोवा खुर्द में जारी

# बहादुरगढ़, बुपनिया और नूना माजरा ने जीते मुकाबले



बहादुरगढ़। गोल का प्रयास करते खिलाड़ी।

■ जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में इस लीग का समापन होगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

गांव लोवा खुर्द में लव-कुश फुटबॉल लीग जारी है। सोमवार को सात मुकाबले खेले गए। अंडर-9 में छह तो अंडर-13 में एक मैच खेला गया। बुपनिया, नूना माजरा, बहादुरगढ़ आदि ने अपने मुकाबले जीत दर्ज कर अगले चरण में प्रवेश किया।

अंडर-9 में लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब ने बहादुरगढ़ सिटी को 4-1 से हरा दिया। बुपनिया ने इंडूज स्पोर्ट्स अर्थ को 4-2 के अंतर से शिकस्त दी। नूना माजरा ने इंडूज स्पोर्ट्स अर्थ को 2-1 से हरा दिया। इसी तरह इंडूज ने एलकेएससी को 3-0 से पराजीत किया। बहादुरगढ़ सिटी की टीम ने एलकेएससी पर 3-0 के अंतर से जीत दर्ज की। अंडर-19 में बहादुरगढ़ सिटी ने इंडूज क्लब एचएल को 1-0 के अंतर से हरा दिया। कोच विनय, ढीला, प्रदीप, प्रीतम, राहुल, मोहित, मनीषा, मंगतराम आदि इस अवसर पर मौजूद थे। युवराज, दीपांशु, शिवम, अतुल, अक्षित व नमन ने रेफरी की भूमिका निभाई। कमेटी प्रधान नरेश कुमार, कोच सुदर्शन आदि ने सेमीफाइनल में पहुंची टीमों को बधाई दी। साथ ही जो टीम वंचित रह गई, उनको भी प्रोत्सोहित किया गया। कोच सुदर्शन ने कहा कि प्रतिभाओं को निखारने के मकसद से यह आयोजन किया गया था। इस दौरान काफी अच्छे खिलाड़ी देखने को मिले। जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में इस लीग का समापन होगा। प्रधान विनोद जून, बीजे, लाला मास्टर, विक्की, संजय, सुनील, काला, भूरू, रामचंद्र आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। प्री-सुब्रतो कप में भाग लेने वाली झज्जर की टीम।

## जिले की टीम का जीत से आगाज

■ टीम ने अपने पहले मुकाबले में कुरुक्षेत्र को परास्त किया

**बहादुरगढ़।** अंबाला में चल रहे प्री-सुब्रतो कप (स्टेट गेम्स) में जिले की टीम ने जीत के साथ आगाज किया है। टीम ने अपने पहले मुकाबले में कुरुक्षेत्र को परास्त किया। अब अगला मुकाबला सिरसा के साथ होगा।

कोच सुदर्शन ने बताया कि 23 से शुरू हुई यह प्रतियोगिता 25 जून तक चलेगी। इसमें कई टीमें भाग ले रही हैं। झज्जर जिले की तरफ से नूना माजरा सरकारी स्कूल की टीम भाग ले रही है। इस टीम में लोवा खुर्द से मोक्ष, जतिन, सूरज, महारथी, नूना माजरा से राहुल, देव, लव-कुश, अनुज, दक्ष, वंशु, शुभम, विशाल, गोविंद, उदय और टांडाहेड़ी से यश व चिंटू शामिल हैं। टीम का पहला मुकाबला कुरुक्षेत्र से हुआ। जिसमें 3-0 से जीत दर्ज की। अब अगला मुकाबला सिरसा से होगा। टीम इंचार्ज पूनम कुमारी डीपीई नूना माजरा सहित अन्य ने खुशी जताई है। इनका कहना कि जिले की टीम बेहद होनहार है। यकीनन सभी मुकाबले जीतकर ट्रॉफी अपने नाम करेगी।



बहादुरगढ़। विजेता पहलवान को प्रोत्साहित करते कोच जयवीर तथा अन्य।

**जयवीर अखाड़े में हुई लिा स्तरीय कुश्ती**

## विक्रमजीत और आरती ने जीता केसरी खिताब

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

■ प्रतियोगिता के दौरान सोमवार को रोमांचक कुश्तियां हुई

बुपनिया स्थित जयवीर अखाड़े में आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में उत्साह के साथ जिलेभर के अखाड़ों के पहलवानों ने दमखम दिखाया। शानदार प्रदर्शन के बल पर आरती ने महिला जिला केसरी तो दिनेश तथा विक्रमजीत ने जिला केसरी का खिताब अपने नाम किया।

हरियाणा खेल विभाग की ओर से कराई गई जिला स्तरीय अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान सोमवार को रोमांचक कुश्तियां हुई। महिला कुमारी में झामरी की अंजलि ने पहला और ढराणा की सोनिया ने दूसरा स्थान हासिल किया। महिला केसरी में कासनी की आरती और माजरा की उर्मिला ने क्रमशः पहला व दूसरा स्थान पाया। फ्री स्टाइल में जिला कुमार का खिताब जयवीर अखाड़े के मोहित ने अपने नाम किया तो वहीं ग्रीको रोमन में भी इसी अखाड़े के वंश कुमार ने बाजी मार ली। फ्री स्टाइल केसरी में जोरा गोधड़ी अखाड़े के दिनेश ने पहला, जयवीर अखाड़े के संजू ने दूसरा और वीरेंद्र अखाड़े. के शेखर ने तीसरा स्थान पाया।

ग्रीकोरोमन केसरी में वीरेंद्र अखाड़ा छारा के विक्रमजीत ने बाजी मारी। बादली का अंकित दूसरे और मांडोठी की प्रीतम तीसरे स्थान पर रहा। प्रधान आजाद, जीते, कोच सहित अन्य खेल प्रेमियों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। विजेताओं को ट्रॉफी भेंट कर उन्हें प्रोत्साहित किया। कोच जयवीर ने कहा कि प्रतियोगिता में काफी अच्छी कुश्तियां हुई। कई अच्छी प्रतिभाएं देखने को मिली।

## 851 लाभार्थियों को मिलेंगे सेक्टर छह व नौ में तीस-तीस गज के प्लॉट

■ ड्रा के माध्यम से लाभार्थियों की प्लॉट संख्या का निर्धारण किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

प्रदेश सरकार द्वारा हाउसिंग फॉर आल के उद्देश्य को लेकर शुरू की गई मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत सोमवार को प्लाटों का ऑनलाइन ड्रा लाभार्थियों की मौजूदगी में राजकीय नेहरू पीजी गवर्नमेंट कॉलेज के ऑडिटोरियम में निकाला गया। मुख्यालय द्वारा लॉन्च पोर्टल के जरिये ऑनलाइन ड्रा करते हुए अधिकारियों ने प्लाटों की ड्रा प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से पूर्ण किया। ड्रा के माध्यम से लाभार्थियों की प्लॉट संख्या का निर्धारण किया गया है व आवंटन पत्र 26 जून को जारी होंगे। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि इस योजना के प्रथम चरण के तहत जिला में 851 आवेदन प्राप्त हुए जिनका ऑनलाइन ड्रा आयोजित किया गया। एसडीएम सतीश यादव ने बताया कि लाभार्थियों के लिए सेक्टर 6 व 9 में 1-1 मरले के प्लाटों के ड्रा की प्रक्रिया पूरी की गई है व सभी लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर 26 जून को प्रदान किए जाएंगे।



झज्जर। ऑनलाइन ड्रा प्रक्रिया के दौरान सभागार में मौजूद आवेदक।

## गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**झज्जर।** हसनपुर गांव के नजदीक पिकअप गाड़ी ने टक्कर मारकर एक बाइक सवार को घायल कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में चांदौल गांव निवासी भरत सिंह पुत्र मालेराम ने बताया कि वह बीती 8 जून को किसी काम से बाइक पर झज्जर आ रहा था तो हसनपुर के नजदीक सामने से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। सीधी टक्कर लगने के कारण वह सड़क पर नीचे जा गिरा। इसके बाद गाड़ी चालक अपनी गाड़ी सहित मौके से भाग निकला। इसके बाद राहगीरों द्वारा उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रैफर कर दिया।

## काले बिल्ले लगाकर किया प्रदर्शन

■ कर्मचारियों का कहना है कि जब सरकार नियमित नहीं करती तब तक जारी रहेगा आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

एनएचएम कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सोमवार को जिले के सभी एनएचएम कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला प्रवक्ता संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध या बिल्ले लगाकर । विरोध जताया।

उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में प्रदेश के कर्मचारियों के साथ उनके जिले के कर्मचारी भी 25 से 27 जून तक एक-एक घंटे का कार्य बहिष्कार करेंगे। वहीं 28 जून को उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके अलावा अगले माह एक से छह जुलाई तक जिले के कर्मचारी अपनी-अपनी संस्थाओं में गेट मीटिंग के माध्यम से विरोध जताएंगे। उसके उपरांत सात जुलाई को करनाल स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अरूण वर्मा ने बताया कि यदि इसके बाद भी उनकी मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई तो वे आंदोलन को और तेज करने पर मजबूर होंगे।




झज्जर। नागरिक अस्पताल के मुख्य गेट पर काले बिल्ले लगाकर विरोध जताते हुए एनएचएम कर्मचारी।

## पंप सेट के लिए शॉर्ट टर्म बिजली कनेक्शन जारी करने के निर्देश



झज्जर। बाढ़ से बचाव को लेकर तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

बरसाती सीजन को देखते हुए जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बरसाती पानी की निकासी के लिए जरूरी प्रबंध आगामी 30 जून तक सुनिश्चित करें। यह निर्देश डीसी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित करते हुए दिए। उन्होंने कहा ऐसे स्थानों की पहचान करें जहां जलभराव रोकने के लिए समुचित व्यवस्था की गई है और जल निकासी के लिए पोर्टेबल पंप भी खरीदे गए है। उन्होंने पानी निकासी को लेकर पंप सेट के लिए शॉर्ट टर्म बिजली कनेक्शन जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## दुनिया चले न श्रीराम के बिना रामजी चले...

■ हनुमान चालीसा व आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

सिद्ध श्री बाबा प्रसादगिरी मंदिर के प्रांगण में 47वें सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन श्री खेड़ापति रामायण मंडल द्वारा किया गया। लाला ताराचंद जिंदल, उपेंद्र सोनी, हर्ष डोगरा, मृत्युंजय गिरी महाराज, सुरेंद्र बंसल, विपिन राज वशिष्ठ व रजनीश हरित द्वारा सुंदरकांड पाठ का संगीतमय वाचन किया गया। इस दौरान उमाशंकर वशिष्ठ, प्रवीण सैनी, सोनू, मुकुल, ममता वर्मा, चिंटू सक्सेना, विकास शर्मा, प्रीत, महेश, तरुण सीए, दीपक शर्मा, रुद्राक्ष हरित, सुनील बंसल, सूबे सिंह हरित, संजय परुथी, श्रवण शर्मा, ललित सेन, संतरा, राजबाला, इशिका, प्राची, कमलेश, सुनीता, ममता, प्रवीन राव, उमंग खुराना सहित अनेक भक्तजन मौजूद रहे। भजन संध्या के दौरान चिंटू सक्सेना ने मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने यह दोनों हाथ, देना हो तो दीजिए जनम-जनम का साथ.., रजनीश हरित ने दुनिया में तेरा है बड़ा नाम, आज मुझे भी तुझसे पड़ गया काम, मेरी विनती सुन तो जानू मानू तुझे में राम.., मुकुल शर्मा ने हम तो बाबा के सहारे चलते हैं.. , सोनू ने दुनिया चले ना श्री राम के बिना, राम जी चले ना हनुमान के बिना.., इशिका ने मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे.. भजन गाकर सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया। हनुमान चालीसा व आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



झज्जर। सुंदरकांड पाठ के दौरान उपस्थित श्रद्धालु।

## माछरौली गांव में दो दुकान की छतों से एसी के आउटडोर चोरी

**झज्जर।** माछरौली गांव में एक पिज्जा की दुकान की छत पर रखा आउटडोर चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में भठेड़ा गांव निवासी शिवरतन पुत्र कृष्ण ने बताया कि उसने माछरौली गांव के बस स्टैंड पर पिज्जा ऑन रन नाम से दुकान खोल रखी है। उसने एक माह पहले अपनी दुकान में सप्लिट एसी लगाया था। रविवार की सुबह जब उसने दुकान पर पहुंच कर एसी चलाया तो उसमें ऐरर आया हुआ था। इसके बाद जब उसने छत पर जाकर देखा तो उसके एसी का आउटडोर चोरी हो गया था। इसके बाद उसे पता चला कि साथ में सैलून चलाने वाले अमादलपुर गांव निवासी अंकित पुत्र सरजीत कुमार की दुकान से भी एसी का आउटडोर गायब है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



झज्जर। छत पर कटी हुई तारें जहां से चोरी किया गया आउटडोर।

## निजी कंपनी के कर्मचारियों को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक

■ सड़क पर निकलते समय यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस चौकी दुलीना की टीम द्वारा गांव दादरी तोए स्थित निजी कंपनी में कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया।

पुलिस चौकी दुलीना प्रभारी जयभगवान ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। क्योंकि नशा हमें मानसिक शारीरिक और आर्थिक हानि पहुंचता है। इस दौरान यातायात समन्यवक प्रभारी सत्यप्रकाश ने कर्मचारियों को यातायात के नियमों का पालन करने के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आज के युग में हर व्यक्ति मोटरसाइकिल या चौपहिया वाहन का प्रयोग जरूर कर रहा है। इसलिए हमें सड़क पर निकलते समय यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए और नशे में कभी वाहन नहीं चलना चाहिए। मोटरसाइकिल चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग जरूर करना चाहिए।



झज्जर। कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए पुलिसकर्मी।

**अधिकांश कॉलेजों में बीए और बीसीए की सीटों पर मारामारी**

## एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन का आज अंतिम दिन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

कॉलेजों में एडमिशन के लिए विद्यार्थियों के पास मंगलवार को अंतिम अवसर है। ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के लिए 25 जून अंतिम तिथि है। अब तक अधिकांश कॉलेजों में बीए और बीसीए की सीटों पर मारामारी नजर आ रही है। वहीं कॉमर्स की तरफ इस बार छात्रों का रुझान काफी कम हुआ है।

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ के नोडल अधिकारी डॉ. कमल कुमार रंगा के अनुसार बीए मॉर्निंग की 320 सीटों के लिए 597, बीए इवनिंग की 200 सीटों के लिए 111, बीबीए की 40 सीटों के लिए 83, बीकॉम की 180 सीटों के लिए 100, बीसीए की 60 सीटों के लिए 204, बीएससी लाइफ साइंस की 60 सीटों के लिए 58 और बीएससी फिजिकल साइंस की 120 सीटों के लिए 63 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। राजकीय महाविद्यालय बादली की मीडिया प्रभारी डॉ. पूनम ने बताया कि बीए में 400 सीटों के लिए 227, बीए भूगोल की 40 सीटों के लिए 7, बीकॉम की 80 सीटों के लिए 21, बीएससी लाइफ साइंस की 20 सीटों के लिए 28, बीएससी फिजिकल साइंस की 80 सीटों के लिए 39 और बीएससी केमिस्ट्री की 40 सीटों के लिए 29 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

इनके अलावा राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ के नोडल अधिकारी डॉ. मेहर सिंह ने बताया कि बीए की 280 सीटों के लिए 270, बीकॉम की 120 सीटों के लिए 33, बीएससी लाइफ साइंस की 20 सीटों के लिए 46 और बीएससी फिजिकल साइंस की 80 सीटों के लिए 30 आवेदन प्राप्त हुए हैं। छारा के राजकीय महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. अश्वनी के अनुसार बीए की 240 सीटों के लिए 360, बीकॉम की 60 सीटों के लिए 20, बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों के लिए 33 और बीएससी फिजिकल साइंस की 80 सीटों के लिए 38 आवेदन ऑनलाइन हुए हैं। शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में बीए की 160, बीकॉम की 160, बीएससी फिजिकल साइंस की 60 तथा बीसीए की 180 सीटें उपलब्ध हैं। जबकि जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में बीए की 160 सीट उपलब्ध हैं।



बहादुरगढ़। एडमिशन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाती छात्रा।

## खबर संक्षेप

### 576 पात्र लाभार्थियों को प्रदान की शगुन राशि

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार की तरफ से गरीब व बेसहारा परिवारों को उनकी बेटी की शादी के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत चालू वित्त वर्ष के दौरान अब तक 576 पात्र लाभार्थियों को 2 करोड़ 83 लाख 6 हजार रुपये की शगुन राशि प्रदान की गई है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन 31 तक

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

### 25 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन का होगा जीर्णोद्धार

# अब रेलवे स्टेशन पर बनेगा 12 मीटर चौड़ा फुटओवर ब्रिज

- कांग्रेस नेता अरुण खत्री ने रेलवे अधिकारियों से नवनिर्माण के साथ पार्क का स्वरूप भी बचाए रखने का किया अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत 25 करोड़ रुपये की लागत से बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अब इसके तहत 12 मीटर चौड़ा फुटओवर ब्रिज भी बनाया जाएगा। इससे रेलवे रोड से लाइनपार इलाके को एक और कनेक्टिविटी मिल जाएगी। हालांकि कांग्रेस नेता अरुण खत्री ने नवनिर्माण के दौरान पार्क का स्वरूप बचाए रखने का अनुरोध करते हुए प्रॉपर फेंसिंग/बेरिकेड्स लगाकर काम करने की सलाह दी है।

बहादुरगढ़ के साथ ही मानसा, नरवाना, जींद और रोहतक रेलवे स्टेशन पर भी दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए ऐसे फुटओवर ब्रिज बनाए जा रहे हैं। इसमें 12 मीटर चौड़े एफओबी पर रैंप के साथ ही स्टेयर्स और एस्केलेटर की भी व्यवस्था होगी। इसके लिए रेलवे के ठेकेदार ने लाइनपार की ओर बने रेलवे पार्क की फेंसिंग हटवा कर मार्किंग शुरू कर दी है। इस पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण खत्री ने कहा कि फेंसिंग हटने के बाद बेसहारा पशु पार्क में घूम रहे हैं और इसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। सभी हरे-भरे पेड़ों को भी काट दिया गया।

उन्होंने कंपनी के इंजीनियर से यहां बेरिकेटिंग करने के बाद निर्माण कार्य करने की सलाह दी। ताकि पार्क का स्वरूप भी बचा रह जाए। अरुण के अनुसार सांसद दीपेंद्र हुड्डा के प्रयासों से 10 वर्ष पहले यह रेलवे पार्क बना था। उन्होंने पार्क के स्वरूप को क्षति पहुंचाए बगैर ही निर्माण कार्य आगे बढ़ाने का अनुरोध किया।



बहादुरगढ़। कंस्ट्रक्शन कंपनी के इंजीनियर से चर्चा करते अरुण खत्री व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उमेद सिंह खत्री, जगदीश फौजी, सुरेंद्र खत्री, नवीन जून, श्याम, दिपांशु, सचिन, विकास, नवीन खत्री, संजय जोवल, सुरेंद्र जोवल, कर्मजीत दलाल, रोहित, कुलविंदर, विपिन, योगेश, विजय, अनिल, आरिफ, सौरभ, सोनू, रमेश देशवाल, सोनू दहिया, एडवोकेट जितेंद्र छिकारा, श्रीकृष्ण गुलिया, राजपाल यादव, मास्टर सतीश, देवेंद्र, सरदार जसवीर, बबली खत्री, आजाद खत्री, शेलश खत्री, आशु, कुणाल, युग, बिरजू यादव, लक्ष्मण दास, महेंद्र डाबला, जयप्रकाश, सुनील डाबला, मनीष, भोलू व दीपू आदि मौजूद रहे।



झज्जर। स्वर्ण पदक जीतने वाले हितेश को सम्मानित करते हुए आयोजक समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# साउथ जोन मुक्केबाजी में हितेश ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हाल ही में आयोजित साउथ जोन मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले के बॉक्सर हितेश गुलिया ने कर्नाटक की टीम से भाग लेते हुए स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि हितेश गुलिया ने यह पदक 71 किलोग्राम भारवर्ग में हासिल किया। स्थानीय महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में नियमित अभ्यास करने वाला हितेश गुलिया इससे पहले भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग ले चुका है।

उसने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच व अभिभावकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने विजेता खिलाड़ी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पुण्यतिथि पर स्वामी धर्ममुनि को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आत्मशुद्धि आश्रम के संस्थापक स्वामी धर्ममुनि दुग्धाहारी जी की चतुर्थ पुण्यतिथि को आश्रम परिसर में प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। यज्ञ ब्रह्मा आचार्य भद्रकाम के सानिध्य में हुए इस स्मृति शेष कार्यक्रम की अध्यक्षता आश्रम ट्रस्ट के प्रधान कन्हैयालाल आर्य ने की और मंच संचालन आर्य राजबीर छिकारा ने किया।

कार्यक्रम में आर्यसमाज झज्जर, दादरी व बहादुरगढ़ सहित कई शहरों के आर्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यज्ञ से शुरू हुए इस कार्यक्रम में आश्रम के अधिष्ठाता आचार्य विक्रम देव, स्वामी रामानंद, शिव स्वामी, विद्यानंद शास्त्री, देव शर्मा, जयभगवान आर्य, हरिओम दलाल, सहदेव आर्य, देवेन्द्र आर्य, अशोक जून, जयपाल दहिया, राजेश राठी व कृष्ण गोपाल विद्यार्थी ने स्वामी धर्ममुनि जी को अपने भावपुष्प अर्पित करते हुए उनसे जुड़े कई रोचक व प्रेरक संस्मरण सुनाए। भजनोपदेशक सतीश सुमन ने अपनी संगीतमय प्रस्तुति से स्वामी जी को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। आश्रम के बाल ब्रह्मचारियों ध्रुव, सुभाष व उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत भजनों को भी सराहा गया। शांतिपाठ व ऋषि लंगर के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में स्वामी धर्ममुनि को श्रद्धांजलि देते आचार्य विक्रम देव व अन्य।

### मारपीट करने व धमकी देने का आरोप

**बहादुरगढ़।** बराही फाटक के पास कुछ युवकों द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ओमेक्स के निवासी संजीव शर्मा ने बताया कि वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ अपनी सास के यहां गाड़ी खड़ी करने के लिए जा रहा था। रास्ते में बराही फाटक के नजदीक अशोक नगर के पास पहुंचे तो गाड़ी फाटक बंद होने के कारण सड़क पर खड़ी थी। फाटक काफी देर तक बंद होने के कारण उसने अपनी गाड़ी यू-टर्न करने की कोशिश की तो उसी समय कुछ लड़के उसकी गाड़ी के पास आए और गालियां देने लगे। फिर एक लड़के ने कॉलर को पकड़कर उसे गाड़ी से बाहर खींच लिया और मेरी बाईं आंख पर किसी लोहे की चीज से प्रहार कर मारपीट की अन्य लड़कों ने पत्नी के साथ हाथापाई करने की कोशिश की।

# युवाओं से की सनातन सेवा न्यास से जुड़ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सनातन सेवा न्यास का सनातन संवाद व जनसभा का कार्यक्रम बहादुरगढ़ में भाजपा नेता नवीन जून के नेतृत्व में धूमधाम से संपन्न हुआ। इससे पूर्व नवीन जून द्वारा गाड़ियों के काफिले से अपने समर्थकों के साथ सनातन के लिए रोड शो किया। इस मौके पर सनातन सेवा न्यास के वाइस चेयरमैन नवीन जून ने न्यास के राष्ट्रीय चेयरमैन शिवओम मिश्रा, हरियाणा के चेयरमैन अक्षय गिरी, पीठाधीश्वर स्वामी यशवर्धनाचार्य महाराज का फूलों की बारिश से जोरदार स्वागत किया।

राष्ट्रीय चेयरमैन शिवओम मिश्रा ने राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं से सनातन सेवा न्यास से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि सनातन ही राष्ट्र निर्माण के सपने को साकार करेगा। आने वाले समय में सनातन ही संपूर्ण जगत के उद्धार का सहयोगी होगा। वाइस चेयरमन नवीन जून ने शिवओम मिश्रा, अक्षय गिरी, तथा यशवर्धनाचार्य महाराज का धन्यवाद किया। उन्होंने अपने जीवन को सनातन सेवा, गौ सेवा, जन सेवा में समर्पित करने का प्रण लिया।

उन्होंने कहा की सनातन ही जीवन का आधार है। सनातन ही समाज मे व्यापात सारी बुराइयों का नाशक है। सभी प्राणियों को हमेशा अपने जीवन में सेवा भाव रखना चाहिए। मानव सेवा के साथ प्रकृति की सेवा, पशु सेवा कर अपने जीवन का निर्वाह करना चाहिए। उन्होंने लोगों से सनातन विचार को घर घर तक पहुंचाने के लिए सनातन सेवा न्यास की मुहिम से जुड़ने के लिए अपील की।




बहादुरगढ़। कार्यक्रम में शिवओम मिश्रा के साथ नवीन जून। फोटो : हरिभूमि



बेरी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रविंद्र मलिक।

# एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**बेरी।** एसडीएम रविंद्र मलिक ने सोमवार को बेरी लघु सचिवालय में विशेष समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बुढ़ापा पेंशन, राजस्व, लाल डोरा भूमि,बिजली इत्यादि से संबंधित समस्याएं रखी। इन आठ समस्याओं में तीन पेंशन संबंधी, दो पीपीपी, दो बीडीपीओ कार्यालय और एक समस्या राजस्व विभाग से संबंधित रही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को सरकार की योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करें और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित करें।

# नायब सैनी ने दी पिछड़ा वर्ग को बड़ी राहत

- भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर वर्मा ने ओबीसी समाज की मांगों को पूरा करने पर जताया सीएम का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर वर्मा और भाजपा नेता अजीत जांगड़ा ने पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण में क्रीमिलेयर की सीमा 6 लाख रुपए से बढ़ाकर 8 लाख रुपए करने, ग्रुप-ए और बी की नौकरियों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण 15 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने पर समस्त पिछड़ा वर्ग की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। इस निर्णय से पिछड़ा वर्ग में बेहद खुशी की लहर है।

पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मवीर वर्मा व अजीत जांगड़ा ने बताया कि अभी नौकरियों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण के अंदर, क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा सभी स्त्रोतों से 6 लाख रुपए है। अब इसे केंद्र के बराबर बढ़ाकर 8 लाख रुपए कर दिया है। लाखों लोगों को इसका लाभ होगा। साथ ही ग्रुप ए व ग्रुप बी के पदों में पिछड़े वर्गों का आरक्षण जो 15 प्रतिशत था, उसे बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया जाएगा।

इसके अलावा नौकरियों में पिछड़ा वर्ग ए और बी के बैकलॉग को प्राथमिकता आधार पर पूरा किया जाएगा। इसके लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने की भी तैयारी की जा रही है। धर्मवीर वर्मा व अजीत जांगड़ा ने कहा कि प्रदेश में ओबीसी की आबादी 35 प्रतिशत से ज्यादा है। पिछले काफी समय से समाज के लोग अपने हकों के लिए आवाज उठाते आ रहे थे, जिन्हें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूरा किया है। प्रदेश के ओबीसी समाज की तरफ से उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी का आभार जताते धर्मवीर वर्मा व अजीत जांगड़ा। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। वार्ड-एक में जनसंपर्क करते डॉ. पंकज जैन। फोटो : हरिभूमि

# पंकज जैन ने वार्ड-1 में किया जनसंपर्क

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन ने वार्ड नंबर-एक में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्हें मोदी व नायब सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने को प्रेरित किया। जैन ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के माध्यम से आमजन की भलाई कर रही है। उन्होंने वार्ड वासियों की समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900




झज्जर। समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो : हरिभूमि

### पेंशन, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड की समस्याओं का हुआ मौके पर ही समाधान

**झज्जर।** सोमवार को जिला मुख्यालय में आयोजित शिविर में कुल 120 शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें से पेंशन, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, ऑनलाइन फसल अपडेट आदि से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि अगर किसी नागरिक को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने में व अन्य कोई समस्याएं आ रही हैं तो वे समाधान शिविरों में अपनी शिकायतों का त्वरित समाधान करवा सकते हैं। समाधान शिविर में आए गोरिया गांव निवासी कार्तिक ने कहा कि उसके परिवार पहचान पत्र में जन्मतिथि में त्रुटि थी। जिस कारण से वह अपना एचएसटी का फार्म नहीं भर पा रहा है और आज अंतिम तिथि है। डीसी द्वारा मौके पर ही मामले में सुनवाई करते हुए त्रुटि को ठीक करवाया। जिसके कारण काफी सुखद महसूस हो रहा है।

### पिस्तौल के बल पर मारपीट करने का आरोप

**झज्जर।** गांव बरहाणा निवासी एक व्यक्ति के साथ पिस्तौल के बल पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में बरहाणा गांव के संजीत पुत्र कप्तान ने बताया कि बीती 22 जून रात करीब साढे दस बजे जब वह गाड़ी में रोहतक से अपने गांव लौट रहा था तो डीघल गांव में उसकी गाड़ी के सामने दूसरी गाड़ी में सवार व्यक्तियों ने उसका रास्ता रोक लिया। इसके बाद एक अन्य गाड़ी और आ गई। दोनों गाड़ियों में से आठ-दस व्यक्ति नीचे उतरे जिनमें से दो लोग पिस्तौल लिए हुए थे। उसके बाद सन्नी नामक एक व्यक्ति ने पिस्तौल के बल पर उसकी गाड़ी की चाबी निकाल ली तथा उसकी सोने की चेन भी छीन ली। संजीत के अनुसार साथ आए अन्य लोगों ने उस पर लाठी व डंडो से हमला किया। इसके बाद जब उसने शोर मचाया और आदमी एकत्रित हुए तो वे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके पर से फरार हो गए। बाद में परिजनों द्वारा उसे डीघल सीएचसी ले जाया गया।



बहादुरगढ़। सेक्टर-9 में कैंप के समापन पर बच्चे व ब्रह्मकुमारियां। फोटो : हरिभूमि

### सेक्टर-9 में संपन्न हुआ संस्कार समर कैंप

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-9 सेवाकेंद्र में संस्कार समर कैंप का समापन हो गया। इसमें 80 बच्चों ने भाग लिया था। यहां बच्चों को राजयोग का महत्व बताया गया। बीके रेनू दीदी ने बताया कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते है। उन्हें जो संस्कार बचपन में दिए जाएं, सारी जिंदगी वे उनका अनुसरण करते हैं। बीके प्रीति दीदी ने बच्चों को अलग-अलग एक्टिविटीज करवाई। उन्हें समझाया कि खेल-खेल में हम अपने जीवन को नैतिक मूल्यों से सजा सकते हैं। विशेषज्ञों ने आर्ट एंड क्राफ्ट, साइंस के एक्सपेरिमेंट और मैथ के फॉर्मूलों द्वारा सहज तरीके से बच्चों को नैतिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया गया। इसमें साइंस अध्यापक नरेंद्र, गणित अध्यापिका पिंकी और संस्कृति की टीचर सुदेश के साथ ही अंजू गुप्ता व बिंदु आदि ने सहयोग किया।

### चाकू से हमला करने का लगाया आरोप

**झज्जर।** रात को घूमने के बाद घर लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट करने व चाकू से हमला किया जाने का मामला सामने आया है। शहर के आदर्श नगर निवासी रोहित पुत्र विनोद ने बताया कि वह रविवार की रात करीब दस बजे जब घूमने के बाद वापिस अपने घर लौट रहा था तो उसकी कालोनी के नितिन ने उसके गाली-गलौच व मारपीट शुरू कर दी। रोहित का आरोप है कि इस दौरान नितिन ने अपनी जेब से चाकू निकालकर उसकी गर्दन व छाती पर भी वार किए तो वह अपने मकान के आगे गली में ही गिर गया। जब शोर मचाया तो नितिन मौके से फरार हो गया। रोहित के अनुसार परिजनों को जब पता चला तो वे उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया। अब वह रोहतक पीजीआई के ट्रामा सेंटर में उपचाराधीन है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करते आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# राजकीय नेहरू महाविद्यालय में 1200 सीटों के लिए 1573 आवेदन आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

विभिन्न कॉलेजों की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून है। स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि अभी तक जिन विद्यार्थियों ने आवेदन नहीं किया है, वे मंगलवार तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं।

नेहरू कॉलेज में सात स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इन कक्षाओं की 1200 सीटों पर दाखिले के लिए सोमवार शाम तक 1573 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें बीए की 480 सीटों के लिए 836, बीएससी फिजिकल साइंस की 300 सीटों के लिए 182, बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों के लिए 101, बीकॉम की 140 सीटों के लिए 115, बीबीए की 80 सीटों के लिए 87 और बीसीए की 80 सीटों के लिए 241 और बीएससी गणित की 40 सीटों के लिए 11 आवेदन शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जून है। जबकि दस्तावेजों की ऑनलाइन वेरिफिकेशन 28 जून तक होगी। विद्यार्थी यदि अपने ऑनलाइन फार्म में कोई संशोधन करना चाहें तो 26 जून तक कर सकते हैं, जिसके लिए उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा।

पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 2 जुलाई को जारी होगी जबकि फाइनल मेरिट लिस्ट 3 जुलाई को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 4 जुलाई से 8 जुलाई तक फीस भर सकेंगे। दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 9 जुलाई को जारी होगी जबकि फाइनल लिस्ट 10 जुलाई को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 10 जुलाई से 12 जुलाई तक फीस भर सकेंगे।




झज्जर। राजकीय स्नातकोतर नेहरू महाविद्यालय का भवन। फोटो : हरिभूमि

#### ओपन काउंसलिंग 15 जुलाई से

पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद बची खाली सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग 15 जुलाई से शुरू होगी जबकि नए आवेदनों के लिए एडमिशन पोर्टल 16 जुलाई से खुलेगा और 22 जुलाई तक 100 रुपए लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। इसके बाद 24 जुलाई से 31 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के अलावा 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त शुल्क लगेगा। कक्षाएं दूसरी मेरिट लिस्ट के दाखिले होने के बाद शुरू होंगी।